मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-496
23/09/2023

# मुख्यमंत्री ने सैदपुर नाला के जीर्णोद्धार की योजना का किया शिलान्यास

पटना 23 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सात निश्चय–2 के तहत पटना शहर के सैदपुर नाला के जीर्णोद्धार की योजना का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सैदपुर नाला का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

5.61 किलोमीटर लंबाई वाले सैदपुर नाला के जीर्णोद्धार कार्य के लिये 259.81 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जा रही है। इस नाले के दोनों तरफ दो–दो लेन की सड़कें होगी। इन दो लेन के सड़कों के सम्पर्क हेतु पुलिया की व्यवस्था की गयी है। इस योजना के पूर्ण होने से अटल पथ तथा जे0पी0 गंगा पथ तक आवागमन की बेहतर सुविधा आम नागरिकों को उपलब्ध हो सकेगी। नाले की सुचारू रूप से सफाई हेतु मशीन की व्यवस्था की गयी है जो आसानी से नाले में उतर सके।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरूणीश चावला, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री अनिमेष पराशर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******